Need to restart Tool Room and Technology Centre in Fazalganj, Kanpur-laid

श्री रमेश अवस्थी (कानपुर) **:** मैं सरकार को अवगत कराना चाहता हूँ कि कानपुर शहर के औद्योगिक स्वरूप को एक बार पुनः स्वर्णिम बनाने के लिए लगभग 10 वर्ष पूर्व कानपुर महानगर स्थित फ़ज़लगंज में कौशल विकास को प्राथमिकता देनें के उद्देश्य से 118 करोड़ रुपये की लागत से भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के द्वारा टूलरूम एवं टेक्नोलॉजी सेंटर की स्थापना की गई थी सरकार कि मंशा थी की एक ही छत के नीचे लगभग 8000 युवाओं को कुशल प्रशिक्षण दिया जा सके ताकि उनको रोज़गार मिल सके परंतु खेद के साथ अवगत कराना पड़ रहा है कि जो कल्पना भारत सरकार ने की थी वह पूरी तरह से सुचारू रूप से चालू नहीं हो पायी है जिससे ऐसा लग रहा है कि सरकारी धन का सही उपयोग नहीं हो पा रहा है। टूल रूम का सही उपयोग ना होने के कारण मशीनें जंग खाने लगी है मेरा सदन के माध्यम से आग्रह है की उपरुक्त टूलरूम का संबंधित विभागों के संयुक्त तत्वाधान में निरीक्षण कराकर युवाओं को रोज़गार देने हेतु टेक्नोलॉजी का प्रशिक्षण दिये जाने एवं उपरोक्त टूल रूम टेक्नोलॉजी सेंटर में जो भी कमियाँ है उनका निराकरण करते हुए स्थायी कर्मचारियों की नियुक्ति कर यथाशीघ्र सुचारु रूप से चालू कराया जाये ताकि युवाओं को रोजगार मिले।